Chapter – 2

एमएस एक्सेस 2013 में रिपोर्ट के प्रकार

(Types of Report in MS Access 2013)

Columnar Report

Columnar Report सभी प्रकार के खाली स्टाइल के रूपों को भरने के लिए जैसे application और invoices के लिये प्रयोग की जाती है। यह खली स्थान को भरने के पश्चात् परिणाम को प्रदर्शित करती है।

Tabular Report

इस Report में सभी रिकार्डस एक साथ दिखाई देते है। इसमें फ़ील्ड्स टेबिल फॉरमेट में होते है। इसमें एक रिकार्ड को दूसरे रिकार्ड से अलग करने के लिए लाईन का प्रयोग किया जाता है।

Justified

इसमें टेबिल के फ़ील्ड्स को एक स्टैंडर्ड Report में सेट किया जाता है। जिससे इसमें रिकार्ड को देखना आसान होता है। इसमें एक समय में एक रिकार्ड दिखाई देता है।

एमएस एक्सेस 2013 में सिंगल और मल्टी टेबल रिपोर्ट क्या है?

(What is Single and Multi Table Report in MS Access)

What is Single Table Report?

एक ऐसी Report जो सिर्फ एक ही टेबल से सूचनाएं लेकर Report तैयार करती हैं वह single table Report कहलाती है। यह Report बनाने की दृष्टि से सबसे आसान Report है। विज़ार्ड के द्वारा इसे आसानी से बनाया जा सकता हैं इसके लिये design view मे एक Report सिलेक्ट की जाती है जो एक डाटा स्त्रोत की भांति कार्य करती है। इससे उस Report का डाटा दर्शाया जाता है।

किसी भी प्रकार की Report टेबलनुमा, कॉलमनुमा या मेलिंग लेबल एक single table Report कहलाएगी यदि यह सिर्फ एक टेबल से ही फील्ड लेती है।

What is Multi Table Report?

जिस Report में एक या एक से अधिक टेबल से डाटा प्राप्त किया जाता हैं उसे Multi Table Report कहा जाता हैं इस प्रकार की Report से जुडी हुई सभी टेबल के बीच आपस में रिलेशनशिप सेट होना आवश्यक हैं Multi Table Report मे दो या दो से अधिक टेबलो की जानकारी ली जाती है। पहले user एक क्वेरी बनाता है जिसमे किसी विषेश क्षेत्र के आधार पर फील्डो को सिलेक्ट करता है।

उदाहरण के लिए customer table के field से address, city, state field के नाम सिलेक्ट किये गये है। ग्राहक का आर्डर है। order table से order ID select किया गया है। फ़ील्ड्स के नामो की क्वेरी को design view मे सिलेक्ट किया जाता है। customer के order के product table से फील्डो को सिलेक्ट करके क्वेरी को save करे।

query को save करने के बाद इसका परिणाम किसी भी Report के लिये एक डाटास्त्रोत की भांति प्रयोग मे लाया जा सकता है। ऐसी Report मे एक से अधिक टेबलो का प्रयोग होता है, इसलिये इन्हे Multi Table Report कहते है।